हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 जुलाई 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा...

09 प्लास्टिक फ्री हो स्वतंत्रता दिवस, प्रदेश में प्रसारित...

खबर संक्षेप

केंद्रीय जेल में 145 बंदियों की जांच एवं स्क्रीनिंग हुई

नर्मदापुरम। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के सहयोग से सोमवार को केंद्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-अ में हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की टीम ने 145 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें 130 पुरुष एवं 15 महिला बंदी शामिल रहीं। जांच का उद्देश्य जेल में संक्रामक रोगों की समय पर पहचान कर उपचार एवं बचाव के उपाय सुनिश्चित करना था।

जिले में रोजगार शिविर का आयोजन 30 से शुरू

नर्मदापुरम। जिले के प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, सिंगरौली द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में रोजगार शिविर आयोजित किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 30 जुलाई को माखननगर, 31 जुलाई को सोहागपुर, 3 अगस्त को पिपरिया, 4 अगस्त को बनखेड़ी, 5 अगस्त को सिवनी मालवा, 6 अगस्त को केसला तथा 7 अगस्त को नर्मदापुरम जनपद पंचायत में रोजगार शिविर आयोजित होंगे।

शासकीय अस्पताल में घायलों का इलाज जारी

इटारसी में हिंसक सियार का आतंक 20 से अधिक लोगों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एक बार फिर जिले में वन्य प्राणियों के हमले की घटनाएं बढ़ने लगी। इटारसी शहर में एक सियार ने आतंक मचाया और कई लोगों को घायल कर दिया।

शहर के नाला मोहल्ला और मेहरागांव क्षेत्र में एक हिंसक सियार ने अचानक राहगीरों पर हमला कर दिया। इस हमले में लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए। सियार ने 10 साल के मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक को अपना शिकार बनाया। दहशत के इस माहौल के बीच अंततः स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर सियार को मार गिराया, जिसके बाद इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद घायलों को तुरंत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय लाया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे की मौजूदगी और डॉ. विकास जेतपुरिया व उनकी टीम द्वारा सभी को एंटी-रैबीज इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 23 लोग इस हमले का शिकार हुए हैं, जिनमें से 17 घायलों का इलाज इसी अस्पताल में जारी है। समाजसेवी संजय मिहानी ने भी मौके पर मौजूद रहकर मरीजों को उपचार दिलाने में मदद की।

हमले में घायल हुए प्रमुख लोग

सियार का रवैया इतना आक्रामक था कि रास्ते में जो भी मिला, उसने उसी पर हमला कर दिया। जिनमें कौशल्या बाई प्रजापति (55 वर्ष) सियार ने इनके चेहरे और जबड़े को बुरी तरह नोच लिया। इनके होंठ और जबड़े पर करीब 10 टांके लगाए गए हैं और इन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। वहीं महेन्द्र साहू यह अपनी किराना दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे, तभी सियार ने इन पर हमला कर दिया। शकील अहमद आइसक्रीम खरीदते वक्त सियार के हमले का शिकार हुए। वही अन्य घायलो में एक 10 वर्षीय बच्चे के अलावा अभय प्रजापति, संजय प्रजापति, सिमरन मौर्य, सलमान शाह व अनूप बरखने घायलों में शामिल हैं।

एक दिन पूर्व भी हुई थी हमले की घटना

जिले में वन्य प्राणियों की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इससे पहले भी नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी सामान्य वन मंडल के छातेर गांव में शनिवार दोपहर बकरी चरा रहे 58 वर्षीय हाकम सिंह पर एक बाघ ने हमला कर दिया था। हमले में एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिसे वन विभाग की टीम ने तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। घटना के समय उनके साथ दो अन्य लोग भी मौजूद थे जो डर कर छिप गए थे।

जनप्रतिनिधि पहुंचे हाल जानने

अस्पताल में घायलों का हालचाल जानने के लिए नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, बल्ला यादव और राजेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति सुरक्षित बताई जा रही है और डॉक्टरों द्वारा उन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

वन विभाग की अपीलः 'एंटी रैबीज इंजेक्शन अवश्य लगवाएं'

घटना की सूचना मिलते ही रेंजर अभिषेक शर्मा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों और घायलों से बातचीत की। रेंजर ने नागरिकों से विशेष अपील करते हुए कहा है जिन लोगों को भी जानवर ने काटा है या खरोंच आई है, वे तुरंत सरकारी अस्पताल आकर एंटी रैबीज का इंजेक्शन जरूर लगवाएं, क्योंकि रैबीज फैलने पर इसका कोई इलाज नहीं है। गंभीर रूप से घायल महिला (कौशल्या बाई) का इलाज वन विभाग की हितग्राही योजना के नियमानुसार कराया जाएगा। वन विभाग की दो टीमें क्षेत्र में लगातार सर्चिंग कर रही हैं।

60 हजार से ज्यादा की अवैध शराब और लाहन किया जब्त

नर्मदापुरम में आबकारी विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशों पर अवैध मदिरा के परिवहन, निर्माण और संग्रहण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नर्मदापुरम आबकारी विभाग ने इटारसी शहर में बड़ी कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में, मण्डल प्रभारी अधिकारी अभिलाष पाठक के नेतृत्व में आबकारी विभाग वृत्त इटारसी शहर की टीम ने नाला मोहल्ला, सूरज गंज और बालाजी मंदिर क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। टीम ने मौके से विदेशी मदिरा व्हिस्की के 55 पाव, 30 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब और 450 किलो महुआ लाहन बरामद किया। जब्त की गई शराब और लाहन की अनुमानित कीमत लगभग 60,900 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक के. के. पडरिया, मुख्य आरक्षक राजेश गौर और आरक्षक दुर्धर्मेंद्र बारंगे की भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. द्विवेदी ने बताया कि जिले में अवैध शराब पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान 158 आवेदनों का निराकरण किया गया।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में ग्राम चांदला निवासी दिनेश गोस्वामी ने गेहूं की फसल की राशि का भुगतान ना होने की समस्या के संबंध में आवेदन दिया।

पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृशक्ति ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी संगठन की जिलाध्यक्ष एवं श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना मालवीय और ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला के नेतृत्व में इटारसी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं का नेतृत्व करने वाली प्रमुख महिला पदाधिकारियों ने भाग लिया और पौधे रोपे। कार्यक्रम में प्रमुख मातृ शक्तियों के रूप में किरण मालवीय अध्यक्ष एवं सचिव श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज, शोभा अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल समाज, वर्षा अग्रवाल सचिव अग्रवाल समाज सहित अन्य शामिल रहीं।

जीआरपी की तत्परता से यात्री का ट्रेन में छूटा बैग सुरक्षित बरामद

यात्री को 70 हजार नकद व सोने के आभूषण सहित 75,500 का सामान ससम्मान सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय रेलवे पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और सेवा भावना की मिसाल पेश की है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से छूटे एक यात्री के बैग को तत्काल कार्रवाई कर सुरक्षित ढूंढ निकाला और उसमें रखे 70,000 नगद व सोने के आभूषण सहित कुल 75,500 का सामान यात्री को ससम्मान सौंप दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, गंजबासौदा जिला विदिशा निवासी हनुमंत पिता आवा घाडगे 55 वर्ष रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से हड़पसर एक्सप्रेस (ट्रेन सं. 22589) के कोच एस/8 (बर्थ 57) से पुणे जाने के लिए सवार हो रहे थे। उन्होंने अपना पिट्ठू बैग अपनी बर्थ पर रखा, जिसमें 70,000 नगद, 5,500 की कीमत का सोने का छोटा मंगलसूत्र, कपड़े व अन्य उपयोगी सामान था। सामान रखकर जब वह प्लेटफॉर्म पर कुछ खरीदने नीचे उतरे, तभी अचानक ट्रेन चल दी और जल्दबाजी में उनका बैग ट्रेन के अंदर ही छूट गया।

जीआरपी की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल नीतू सिंह डावर एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल इटारसी महेंद्रसिंह कुल्हारा के मार्गदर्शन में जीआरपी थाना प्रभारी इटारसी संजय चौकसे ने विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तुरंत अगले स्टेशनों के ऑन-ड्यूटी जीआरपी, आरपीएफ स्टाफ और ट्रेन अटेंडर से संपर्क स्थापित किया। त्वरित तालमेल का परिणाम रहा कि नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर हड़पसर एक्सप्रेस के कोच एस/8 की बर्थ नंबर 57 के नीचे से बैग को सुरक्षित बरामद कर जीआरपी चौकी नर्मदापुरम लाया गया। फरियादी हनुमंत को फोन पर सूचना देकर नर्मदापुरम चौकी बुलाया गया। उनकी मौजूदगी में बैग खोलकर सामान का मिलान कराया, जिसमें सारा सामान और नगदी सुरक्षित थी। जिसे सौंपा गया।

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 पर 'बाल चौपाल' और सामूहिक जन्मदिवस समारोह का हुआ आयोजन

इटारसी। मंगलवार को वार्ड नंबर 2 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 पर 'बाल चौपाल' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान केंद्र के 6 बच्चों का जन्मदिवस अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संध्या मिश्रा एवं सहायिका सरिता केवट सहित अन्य कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावक विशेष रूप से शामिल हुए। बच्चों ने केक व मिठाई काटकर तथा उपहार (गिफ्ट) प्राप्त कर अपना जन्मदिन मनाया। बाल चौपाल के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों को बच्चों के बेहतर पोषण, स्वास्थ्य, समय पर टीकाकरण एवं प्रारंभिक बाल शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित माता-पिता ने आंगनवाड़ी केंद्र की इस सुंदर पहल की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाया।

पेयजल कार्य की धीमी गति से नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों में हो रही देरी को लेकर स्थानीय निवासियों की समस्याएं बढ़ने लगी हैं। वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद शिवकिशोर रावत ने जनसुनवाई के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है।

समस्याओं के मुख्य बिंदु

पुरानी इटारसी में जारी पेयजल कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे आम नागरिकों को जल संकट और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड 4 स्थित गोंडी मोहल्ला में नलकूप का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। शनि मंदिर से मृत्युंजय कॉलोनी तक डाली गई 8 इंच की पाइपलाइन को वार्ड 4 की सभी गलियों की पाइपलाइन से तुरंत जोड़ा जाए।

कार्य पूरा करने की मांग

पार्षद ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से आग्रह किया है कि पेयजल आपूर्ति से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को युद्धस्तर पर चलाकर अगले 8 दिनों के भीतर पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को सुचारू रूप से पर्याप्त पेयजल मिल सके।

एसडीएम के नेतृत्व में चौपाटी और ढाबों पर हुई छापामारी

कार्रवाई में 11 घरेलू सिलेंडर जब्त, 8 पर केस बनाए, अधिकारी बोले जारी रहेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी में अंडे की दुकान पर हुए सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आखिरकार जिम्मेदार महकमा नींद से जाग गया है। सड़कों और बाजारों में घरेलू गैस सिलेंडरों के बेधड़क इस्तेमाल पर उठे सवालों के बाद मंगलवार को प्रशासन ने शहर में बड़ी कार्रवाई की।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम नीलेश शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख फूड सेंटर्स और ढाबों पर अचानक दबिश दी और खाद्य प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई भी की गई।

इन ठिकानों पर गिरी गाज

जांच के दौरान कमर्शियल की जगह घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 8 प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए। रेस्ट हाउस के पास स्थित चौपाटी, खेड़ा स्थित जय मां चाय-नाश्ता भोजनालय, वंश भोजनालय एवं ढाबा, सनखेड़ा रोड स्थित राधा-कृष्ण फास्ट फूड, मामा का ढाबा एवं अन्य 3 ठिकाने।

11 सिलेंडर जब्त, अभियान रहेगा जारी

कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। एसडीएम नीलेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि शहर में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए यह सघन चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुबैर खान सहित राजस्व एवं खाद्य विभाग का अमला मौजूद रहा। इससे पहले खाद्य विभाग द्वारा सोमवार को प्रतिष्ठानों से 12 नमूने भी लिये गये थे।

निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में दिए गए अधिकारों उनकी प्रासंगिकता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जमानी में 28 जुलाई को "मूल अधिकारों का महत्व एवं उनका वर्तमान विस्तार" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। यह कार्यक्रम तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश आदित्य रावत के निर्देशन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में इटारसी न्यायालय के वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता बी.एल. केवट और जे.के. जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में दिए गए मूल अधिकारों के महत्व और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता के बारे में बताया। साथ ही, उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी। प्रथम राधिका मालवीय (कक्षा 11वीं), द्वितीय ललित यादव (कक्षा 11वीं), तृतीय आयुषी यादव (कक्षा 11वीं) को पैनल अधिवक्ताओं ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एस.पी.एस. सिरोही, समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश मैहर ने किया और अंत में प्राचार्य एस.पी.एस. सिरोही ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

पुरानी मंडी का नया आकार फल-सब्जी वाले होंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वार्ड 3 व 4 में स्थित पुरानी सब्जी मंडी के अब दिन फिरने वाले हैं। पुरानी सब्जी मंडी को आधुनिक सब्जी मंडी बनाई जाएगी। सड़क किनारे फल एवं सब्जी का व्यवसाय कर रहे छोटे छोटे दुकानदार वहां शिफ्ट होंगे। यहां से सब्जी और फल व्यवसाइयों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए मदद मिलेगी। इससे नपा की आय भी बढ़ेगी। मंगलवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं एवं अन्य व्यवस्थाएं समय सीमा में पूर्ण करें एवं इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री रीना गुप्ता, स्वच्छ भारत अभियान नोडल अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, 4 के प्रतिनिधि अजय सैनी उपस्थित थे। उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को नपाध्यक्ष द्वारा सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया। साथ ही उनके निर्देश पर तत्काल जहां पानी भरा रहा था वहां पर फिलिंग कराई गई।

सांसद पर अशोभनीय टिप्पणी, इटारसी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध, थाने में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शनसिंह चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है।

इसके विरोध में भाजपा नगर मंडल इटारसी और पुरानी इटारसी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम इटारसी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे और पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाले दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दीपक अठोंत्रा, भरत वर्मा, शैलेन्द्र दुबे (नगर महामंत्री), सौरभ मेहरा, अतुल शुक्ला, नितिन व्यास, आशीष मालवीय सहित प्रमुख पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

पोस्ट करने वाले पर एफआईआर की मांग

सोहागपुर। सांसद दर्शन सिंह चौधरी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति द्वारा अभद्र टिप्पणी के साथ एक पोस्ट की गई। जिससे सोशल मीडिया पर तीखा माहौल बन गया है। वहीं मंगलवार शाम सोहागपुर थाने में जनप्रतिनिधियों, भाजपाईयों व आम नागरिकों ने संबंधित व्यक्ति पर एफआईआर की मांग का आवेदन सौंपा है। उक्त मांग को लेकर एसपी को संबोधित ज्ञापन टीआई सोहागपुर को सौंपा गया है। इस दौरान जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र पटेल, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल व अन्य साथी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

एयरफोर्स जॉइनिंग से पहले युवक की मौत एसपी पहुंचे गांव

बैतूल। आठनेर के ग्राम पुसली में एयरफोर्स के लिए चयनित 21 वर्षीय मोहित गलफट की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन गांव पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अपराध से जुड़े साक्ष्यों का जायजा लिया। एसपी ने परिजनों से मुलाकात कर जल्द मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया। परिजनों के अनुसार शनिवार रात मोहित हनुमान मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रात करीब 12 बजे से परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रविवार सुबह खेत में उसके जूते और मोबाइल मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। तलाश के दौरान पास के एक कुएं से उसका शव बरामद हुआ। इधर कुनबी समाज संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। समाज ने निष्पक्ष जांच और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर गहन जांच जारी है।

दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, यह मामला 19 जुलाई 2026 को पीड़िता की शिकायत पर थाना कोतवाली में दर्ज किया गया था। आरोपी अलकेश उईके के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीकृत किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अलकेश पिता शुकु उईके (29), निवासी ग्राम चिल्लोर, थाना मोहदा को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 27 जुलाई को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक बसंत उईके, प्रधान आरक्षक दीवान सिंह और आरक्षक उज्ज्वल दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने बताया कि पीड़िता बालिग है और आरोपी उसे बहला-फुसलाकर लंबे समय से बलात्कार कर रहा था।

दुकान में आग लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। शहर की एक चाय-नाश्ते की दुकान में आग लगाकर नुकसान पहुंचाने के आरोप में गंज थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में लोहिया वार्ड बैतूल निवासी हर्षद (24) और बगडोना, सारणी निवासी गगन (27) शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। यह वारदात करीब दो माह पहले हुई थी और आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी जांच के आधार पर हुई। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, गांधी नगर, टैगोर वार्ड निवासी रोहित श्रीवास्तव ने 30 मई 2026 को गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 29 मई की रात करीब 10:15 बजे उन्होंने अपनी चाय-नाश्ते की दुकान बंद की थी। देर रात करीब 2:30 बजे उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर दुकान और सामने स्थित बिजली ट्रांसफार्मर में आग लगी हुई थी। फायर ब्रिगेड और पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा फ्रिज, डीप फ्रीजर, फर्नीचर, विद्युत उपकरण, सजावटी सामग्री सहित अन्य सामान जलकर खाक हो चुका था।

चिखलीकला में देर रात प्रदर्शन, जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, कार्यालय का किया घेराव

मोही विद्युत स्टेशन से जुड़े 20 से अधिक गांवों में भी गहराया बिजली संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई और आमला के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। सोमवार देर रात ग्राम चिखली कला में बार-बार हो रही बिजली गुल होने की समस्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की। स्थिति को तनावपूर्ण होता देख बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने तत्काल दुनावा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से प्रतिदिन शाम होते ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है और कई बार पूरी रात बिजली नहीं रहती। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई, घरेलू कार्य, पेयजल व्यवस्था तथा दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार अंधेरे के कारण बारिश के मौसम में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीवों के घरों एवं रास्तों में निकलने का खतरा बढ़ गया है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है।

20 से अधिक गांवों में भी बिजली की आंख-मिचौली

केवल चिकली कला ही नहीं, बल्कि मोही विद्युत स्टेशन के भिलाई एवं एनस फीडर से जुड़े 20 से अधिक गांवों में भी बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि अघोषित कटौती ने उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उभारिया के पूर्व सरपंच तकी उल हसन रिजवी ने बताया कि भिलाई फीडर से जुड़े दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति नाम मात्र की रह गई है। लगभग दो घंटे बिजली बंद रहने के बाद केवल 15 से 20 मिनट के लिए आपूर्ति होती है और फिर लाइन काट दी जाती है। रात के लगभग 12 घंटे के दौरान थोड़ा-थोड़ा समय को जोडक़र रात मे मुश्किल से दो घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। कभी बड़ी लाइन के रखरखाव तो कभी छोटे-मोटे मेंटेनेंस के नाम पर दिन में तीन से चार बार बिजली काटी जा रही है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि इन कटौतियों का कोई निर्धारित समय नहीं है। जब चाहे बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो उनका जवाब होता है कि कटौती के आदेश जबलपुर मुख्यालय से प्राप्त होते हैं और उनका पालन करना उनकी मजबूरी है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले एक माह से दिन में लगातार बिजली कटौती हो रही है, जबकि बीते एक सप्ताह से रात की कटौती ने लोगों का जीवन और अधिक कठिन बना दिया है। यदि जल्द ही नियमित बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण व्यापक जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

वलनी गांव बिजली संकट

ग्रामीणों ने बताया कि चिकली कला के साथ-साथ समीपस्थ ग्राम वलनी में भी प्रतिदिन शाम से देर रात तक बिजली गुल रहती है। उनका आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अघोषित कटौती की जा रही है, जबकि उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर वसूला जा रहा है। इससे लोगों में विभाग के प्रति असंतोष लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो क्षेत्र के सभी प्रभावित गांव एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

शिकायतों के बाद नियमित एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग

अघोषित बिजली कटौती पर सक्रिय हुए विधायक, अधीक्षण यंत्री से की मुलाकात

मुलताई और आमला विधानसभा क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से जारी अघोषित बिजली कटौती से आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री भूपेंद्र सिंह बघेल से बैतूल स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने क्षेत्र में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुलताई के भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से घरेलू कार्यों के साथ-साथ किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने अधीक्षण यंत्री भूपेंद्र सिंह बघेल से चर्चा कर अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा क्षेत्र में नियमित और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान विधायक देशमुख ने कहा कि पिछले कई दिनों से लगातार अघोषित बिजली कटौती की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है। अधीक्षण यंत्री भूपेंद्र सिंह बघेल ने विधायक को आश्वस्त किया कि अघोषित बिजली कटौती की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

नपा भवन को मिलेगा हेरिटेज लुक

क्लॉक टावर और रेड स्टोन से होगा लल्ली चौक का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

- सीएमओ ने अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण

शहर के प्रमुख लल्ली चौक और नगर पालिका परिसर का सौंदर्यीकरण इस सप्ताह से शुरू होगा। विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश, कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे और नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर के मार्गदर्शन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय के नेतृत्व में यह परियोजना अमल में लाई जाएगी। सोमवार को सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने बताया कि योजना के अनुसार लल्ली चौक पर लगभग 15 फीट ऊंचा क्लॉक टावर स्थापित किया जाएगा, वहीं जय स्तंभ परिसर का रेड स्टोन से सौंदर्यीकरण कर उसके चारों ओर करीब दो फीट ऊंची आकर्षक बाउंड्री बनाई जाएगी। हाल ही में हटाए गए अतिक्रमण वाले हिस्से में मिट्टी भरकर दीवार बनाई जाएगी और हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। भविष्य में मिसाइल मॉडल सहित अन्य आकर्षक संरचनाएं भी विकसित करने की योजना है। यातायात को सुगम बनाने के लिए वर्तमान गोल चौराहे (रोटरी) को पीछे की ओर स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे सडक़ की चौड़ाई बढ़ेगी और वाहनों की आवाजाही आसान होगी। आवश्यकता पडऩे पर हाईमास्ट पोल को भी बाउंड्री के भीतर नए स्थान पर स्थापित किया जाएगा। कारगिल चौक की ओर सडक़ चौड़ीकरण का कार्य बारिश के बाद शुरू किया जाएगा, जहां लगभग 80 एमएम मोटाई के ब्लॉक लगाने की भी योजना है। इसके साथ ही नगर पालिका के पुराने भवन का भी कायाकल्प किया जाएगा। भवन की मूल ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए उसे हेरिटेज लुक दिया जाएगा। पुराने स्ट्रक्चर पर पीवीसी पैनल लगाए जाएंगे, जिससे भवन संग्रहालय जैसा दिखाई देगा।

बोरदेही में सज रही जुए की फड

आमला। बोरदेही थाना क्षेत्र में जुआ संचालित किया जा रहा है। जहां ग्रामीण सहित आस-पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुँचकर जुए में लाखों के दांव लगा रहे है। क्षेत्र के जागरूक नागरिको ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि क्षेत्र में दो स्थानों पर अलग-अलग जुआ संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि इन जुआ घर पर दांव लगाकर जीत के चक्कर में ग्रामीण अपनी पूंजी गवां चुके है। यहां शराब पीकर उपद्रव करने की भी जानकारी सामने आ रही हैं। लेकिन पुलिस कार्रवाही नहीं कर रही है। जो लोग जुआ खेलने जाते है। उन्हें पकड़े जाने का कोई डर नही है, क्योंकि जुआ खिलाने वाले सुरक्षा की ग्यारंटी भी दे रहे है। जुआ घर बहुत दिनों से लगातार चल रहा है। जगह बदलकर, लेकिन अभी तक वँहा पुलिस की दस्तक ना होने से ग्यारंटी पर खिलाडियों को पूरा भरोसा हो गया है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों व ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द पुलिस इस जुआ घर को बंद कर अवैध गतिविधियों चलाने वालों पर कठोर कार्यवाई करें। इस संबंध में बोरदेही थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी का कहना है कि हरदौली में दबिश तो दी थी, पर वे लोकेशन चेंज कर लेते है। नदी नालों पर जहाँ कीचड़ है, ऐसी जगह खिलाते है। जल्द ही इन्हें पकडकर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से करें निराकरणः कलेक्टर डॉ. सोनवणे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम हिवरखेड़ निवासी अनीता सोनोने ने जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने की शिकायत की। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुन कलेक्टर ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को तत्काल जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर कलेक्टर वंदना जाट सहित अन्य अधिकारियों ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध कब्जा पाए जाने पर हटाने के निर्देश

ग्राम सेहरा निवासी भूरा प्रभु दयाल ने कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम शाहपुर को आवश्यक कार्यवाही कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। शाहपुर निवासी शीला नायक ने सीमांकन तथा रजिस्ट्री होने के बाद भी अनावेदक द्वारा फसल बोने के संबंध में शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने शाहपुर तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कोठी बाजार के व्यापारियों द्वारा सराय कॉम्प्लेक्स में अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल नगर पालिका सीएमओ को अतिक्रमण चिह्नित कर हटाने के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम नीमपानी निवासी मुस्कान ने धन्वंतरी फार्मेसी कॉलेज देवगांव से एडमिशन कैंसल किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही के ग्राम खामला निवासी शिवा ने पशुपालन विभाग की राष्ट्रीय पशुधन योजना की सब्सिडी नहीं देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आठनेर तहसील के ग्राम जावरा के ग्रामीणों ने जावरा से हाई स्कूल तक रोड निर्माण के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

युगप्रवर्तक डॉक्टर हेडगेवार महानाट्य का भव्य मंचन, राष्ट्रभक्ति से गूंजा सभागार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, भोपाल एवं संस्कार भारती सारनी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नया समाज कल्याण केंद्र सभागार में भव्य महानाट्य युगप्रवर्तक डॉक्टर हेडगेवार संघ सृजन का सफल मंचन किया गया।

शाम 6.30 बजे आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सारनी सहित बैतूल जिले और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक एवं परिवारों सहित दर्शक पहुंचे। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति के दौरान पूरा सभागार तालियों और भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। नागपुर की प्रसिद्ध नादब्रह्म संस्था के कलाकारों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन, संगठन निर्माण, सामाजिक समरसता, राष्ट्रसेवा और संघर्षपूर्ण यात्रा का प्रभावशाली मंचन किया। कलाकारों के जीवंत अभिनय, ंगीत और मंच सज्जा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में पद्मश्री मोहन नागर (प्रदेश उपाध्यक्ष, जन अभियान परिषद), आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, प्रांतीय महामंत्री मोतीलाल कुशवाह, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, बुधपाल सिंह भारत भारती, शिशुपाल यादव जिला प्रचारक मुलताई,चंद्रशेखर टैगोर प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर सारनी , नगर पालिका परिषद सारनी के अध्यक्ष किशोर बरदे, केकड़ी पंचायत (जिला सिवनी) के सरपंच जितेन्द्र गौतम, विक्रमपुर पंचायत की सरपंच यशोदा मर्सकोले, आयोजन समिति के अध्यक्ष बृजमोहन सहगल, प्रदेश महामंत्री हरिओम कुशवाहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महानाट्य के संरक्षक ज्येष्ठ प्रचारक रवि भुसारी रहे। इसका निर्माण पद्माकर धानोरकर ने किया, जबकि लेखन अजय प्रधान, निर्देशन सुबोध सुर्गीकर एवं संगीत शैलेश दाणी ने दिया। आयोजन समिति के सचिव अंबादास सूने ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संस्कार भारती देशभर में समाज जागरण एवं सांस्कृतिक चेतना के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है। संस्कार भारती बैतूल के महामंत्री योगेन्द्र ठाकुर के विशेष आह्वान पर सारनी, बगडोना, पाथाखेड़ा, शोभापुर, बैतूल, आमला, मुलताई सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग महानाट्य देखने पहुंचे।

विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ, समाज में जागरूकता का लिया संकल्प

नशे से दूरी ही स्वस्थ जीवन की पहली सीढ़ी हैः डॉ. ऋतु चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

युवाओं को नशे की लत से बचाकर स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से पंडित द्वारकादास महाविद्यालय, आठनेर में जंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पंडित द्वारकादास महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋतु चौबे एवं संचालक आनंद राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. ऋतु चौबे ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे से दूरी ही स्वस्थ और सफल जीवन की पहली सीढ़ी है। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. चरण निरापुरे ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, शिक्षा और भविष्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, नशे से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक संदेश देने की अपील की। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। समापन अवसर पर प्रो. शिवदयाल अमरुते ने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बी.आर. वंजारे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक सत्येंद्र बोरबन, शेषराव घोरसे, महेंद्र राठौर, अंकित बोहरपी, सविता अड़लक, आयुषी, पूजा, शैलेश गायकवाड़, रितेश तायवाड़े सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ दिव्या माटे, प्रियंका, आशा मायवाड़, अरविंद भटकरे, रवि उइके, लता पाटिल, खुशी गायकवाड़, पूजा बारस्कर सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति अभियान के तहत पीएलएस स्कूल में विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ

सारणी। शासन के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना सारणी द्वारा सोमवार को सुखाढाना स्थित पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारनी थाना प्रभारी जयपाल इनवाती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिजनों और मित्रों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी तो स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा। इस दौरान थाना प्रभारी ने विद्यालय को मध्यप्रदेश पुलिस का प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुलिस एवं विद्यालय के बीच सामाजिक सहभागिता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, थाना सारणी का पुलिस बल एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने भी नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

सुकून की रसोई में मरीजों के परिजनों को परोसा भोजन

सीहोर। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर में एसपी सोनाक्षी सक्सेना, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी पूजा शर्मा ने नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने बताया कि नशे की लत व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर बनाकर उसके भविष्य को प्रभावित करती है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान टीम संडे का सुकून द्वारा संचालित सुकून की रसोई से जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन भी वितरित किया गया।

8 हजार की अवैध सागौन सिल्लियों सहित दो बाइक की जब्त

इछावर। वन अमले ने सोमवार अल सुबह अवैध रूप से परिवहन की जा रही सागौन की 8 नग चरपट और दो बाइकें जब्त की है, जबकि आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। फिलहाल वन विभाग ने वन अपराध के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर की प्रशासन ने बैठक, धूमधाम से मनेगा राष्ट्रीय पर्व

प्लास्टिक फ्री हो स्वतंत्रता दिवस, प्रदेश में प्रसारित होगा अच्छा संदेशः एसडीएम

सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस आयोजन हर्ष एवं उल्लास से मनाने को लेकर प्रशासनिक बैठक का आयोजन मंगलवार को जपं सभागार में किया गया, इस दौरान एसडीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने की पहल करने की बात रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस आयोजन हर्ष एवं उल्लास से मनाने को लेकर प्रशासनिक बैठक का आयोजन मंगलवार को जपं सभागार में किया गया। बैठक में राष्ट्रीय पर्व संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में रखा प्रस्ताव

बैठक आयोजन जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, तहसीलदार शक्ति श्री तोमर, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, जपं सीईओ श्रीराम सोनी, बीईओ राकेश उईके, बीआरसी राकेश रघुवंशी, सीएम राइज़ स्कूल प्राचार्य रामकिशोर दुबे, पार्षद आशीष विश्वकर्मा, एसएडीओ सुनील बर्डे, नायब तहसीलदार आरएस मरावी, नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई, ई-गवर्नेंस असिस्टेंट मैनेजर अनुराग तिवारी, प्रभारी बीएमओ डॉ. कमलेश विश्वास आदि की उपस्थिति में किया गया। बैठक में चर्चा की गई कि निर्धारित समय पर समस्त विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग में झंडा वंदन करेंगे। इसके बाद सामूहिक आयोजन नया बस स्टैंड परिसर में सुबह नौ बजे झंडावंदन के साथ शुरू होगा। जिसमें निजी एवं शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। राष्ट्रीय पर्व पर शासकीय नियमों का पूर्ण पालन हो, इस बात के निर्देश बैठक में दिए गए हैं।

प्लास्टिक फ्री हो आयोजन

बैठक में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने समस्त उपस्थितजनों से अपील की है कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन यदि प्लास्टिक फ्री हो तो बहुत बेहतर संदेश सोहागपुर क्षेत्र से समूचे प्रदेश को मिलेगा। डॉ. राठौर के अनुसार प्रयास किए जाएं कि प्लास्टिक के तिरंगे का उपयोग ना हो तथा प्लास्टिक की सामग्री का उपयोग खानपान की वस्तुओं में ना हो। एसडीएम के प्रस्ताव पर सभी ने सहमति दी। वहीं तय किया गया कि समाजसेवा क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले लोगों अथवा समूहों को सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक चयन समिति में शासकीय अधिकारियों के साथ निजी विद्यालयों के दो प्रतिनिधि भी शामिल किए गए हैं।

नशामुक्ति अभियान बनाएं सफल

बैठक में सोहागपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने कहा कि नशा मुक्ति का अभियान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी लोग सहभागी बनें। सामाजिक संगठन से भी जनपद पंचायत अध्यक्ष पटेल ने सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि डूंडादेह ग्राम में महिलाओं ने अवैध शराब बनाने व बिक्री पर रोक के लिए अभियान चलाया है। महिलाओं की पहल को समूचे जनपद पंचायत व ब्लाक क्षेत्र में चलाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इस अभियान को गति देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किए जाने की बात उपस्थितजनों ने बैठक में कही।

ग्रामीण क्षेत्र में घंटों बिजली गुल ग्रामीण पहुंचे फीडर कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में बिजली वितरण व्यवस्था बदहाल है। शहर व ग्रामों में बार-बार बिजली ट्रिपिंग होती है। ग्रामीण क्षेत्र में किसान परेशान हैं। सोमवार रात कई किसान नवलगांव फीडर सेंटर पहुंचे तथा रोष बताया। ग्राम नवलगांव निवासी प्रशांत रघुवंशी, आकाश रघुवंशी व किसानों ने बताया कि फीडर से जुड़े गांवों में घंटों बिजली गुल रहती है। इससे बिजली ना तो घरेलू कनेक्शन को मिल रही है और ना खेतों में। जिससे नागरिक घरों में परेशान हैं व किसान खेतों में सिंचाई के अभाव में परेशान हैं। बरसात थमी है एवं बिजली ना होने पर नलकूप भी बंद हैं। जिससे धान फसल प्रभावित हो सकती है। इससे नाराज कुछ किसान सोमवार रात नौ बजे नवलगांव फीडर सेंटर पहुंचे। इसकी जानकारी मिलने पर सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान एवं एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने तत्काल बिजली कंपनी अधिकारियों से बातकर नवलगांव फीडर क्षेत्र में बिजली वितरण चालू करने के निर्देश दिए। बिजली चालू होने पर किसान चेतावनी देकर घर लौटे कि अब गड़बड़ हुई तो आंदोलन होगा।

पुलिस ने 15 हजार रुपए सहित पकड़े जुआरी

सोहागपुर। शोभापुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने कुछ लोगों को ताश के पत्तों के साथ जुंआ खेलते पकड़ा है। पुलिस के अनुसार गत रात पुलिस चौकी शोभापुर क्षेत्र के ग्राम खिड़िया मंदिर के आंगनवाड़ी केंद्र के बरामदे में कुछ लोग जुंआ खेल रहे थे।

जब्त की गई राशि, दर्ज किया प्रकरण

शोभापुर चौकी प्रभारी राहुल पटेल और स्टाफ द्वारा धरपकड़ कार्रवाई की गई तथा सात लोगों के खिलाफ 13 जुंआ एक्ट की कार्रवाई की गई है। सभी से ताश पत्ते एवं 15 हजार 420 रुपये जब्त किए गए हैं। मामले में राजा भैया गुर्जर, गौरीशंकर विश्वकर्मा, सलीम खान, रेवाशंकर पुर्विया, रजनीश मिश्रा, श्रीलाल साहू, हर्षवर्धन पटेल सभी निवासी शोभापुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

नवागत जपं सीईओ श्रीराम सोनी ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जनपद पंचायत में नवागत सीईओ श्रीराम सोनी ने सोमवार को नर्मदापुरम् जिले में आमद दी है। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन से भेंटकर जिले में आमद की अनुमति प्राप्त की। उसके बाद उन्होंने सोहागपुर पहुंचकर जनपद पंचायत कार्यालय में मंगलवार दोपहर स्थानीय जनपद पंचायत के सीईओ के रूप में पदभार ग्रहण किया है। कर्मचारियों की ओर से जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारी जीपी मेहरा व अन्य साथी कर्मचारियों ने श्रीराम सोनी का स्वागत किया। उल्लेखनीय की सोहागपुर में एक वर्ष से अधिक समय से जपं सीईओ नहीं थे तथा पिपरिया जपं सीईओ के पास सोहागपुर का अतिरिक्त प्रभार था। इससे सोहागपुर जपं क्षेत्र के कार्य प्रभावित थे। अब श्रीराम सोनी के आने के बाद व्यवस्था सकारात्मक दिशा में बढ़ने की संभावना है। उल्लेखनीय की श्रीराम सोनी तीन वर्ष पूर्व भी तीन वर्षों के लिए सोहागपुर जपं सीईओ रह चुके हैं।

सामान्य बारिश में ही उखड़ा रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक का मार्ग

नप व लोनिवि ने बनाया था डामरीकृत मार्ग , बारिश में हुआ खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित ने बताया कि लाखों रुपए लागत से डामरीकृत मार्ग बनाया गया। दोनों एजेंसी ने अपने हिस्से का मार्ग बनाया, लेकिन मार्ग की हालत खराब है। उक्त मार्ग का निर्माण वर्ष 2025 में पूर्ण हुआ और कुछ दिन बाद ही हालत खराब होने से घटिया निर्माण की पोल खुल गई थी। पिछले दिनों की बारिश में मार्ग और खराब हो गया व इसमें कई बड़े तथा गहरे गड्ढे होने से नागरिकों को परेशानी होती है। कांग्रेस नेता ऋषभ दीक्षित सहित व्यापारियों व आसपास के आबादी क्षेत्र के नागरिकों ने सड़क सुधार की मांग की है।

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक नप व लोनिवि ने डामरीकृत मार्ग बनाया था। लेकिन गत दिनों हुई सामान्य बारिश में मार्ग खस्ताहाल हो गया है। नागरिकों ने इस पर नाराजगी जताई है।

पहले भी था खस्ताहाल

ऋषभ दीक्षित ने बताया कि लगभग तीन वर्ष तक रास्ता खुदा पड़ा था। जिस पर बोल्डर, गिट्टी तथा बजरा डले थे तथा नागरिकों को असुविधा होती थी। मार्ग से छोटे वाहनों की आवाजाही नहीं होती थी, तथा बड़े वाहन गुजरते थे। जिसके कारण धूल उड़ने से लोगों को श्वांस रोगों का सामना भी करना पड़ रहा था। दीक्षित के अनुसार दबाव के चलते सोहागपुर नप तथा लोक निर्माण विभाग ने मार्ग बनाया। लेकिन मार्ग की हालत खराब है। बताया जाता है कि मार्ग की लंबाई लगभग 500 मीटर है।

किसान पर दोहरी मार, न तो पर्याप्त पानी न ही बिजली, खेत में फटने लगी दरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विकास खण्ड में विशेष रूप से उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया की पदस्थापना आदेश से लेकर आज तक लगभग 2 वर्ष बीत गए हैं। लेकिन वही कटौती आज भी बिजली की हो रही है। जब यह कार्यपालन यंत्री हुआ करते थे। उस समय इन्होंने बिजली कटौती से इनाम प्राप्त किया गया था। वहीं दूसरी पारी आज उपमहाप्रबंधक के रहते भी अपना रहे हैं। खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच ने बताया कि आसपास के सभी खेतों में किसान को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही है। जिसके कारण किसानों के नलकूप ही नहीं चल रहे हैं। एक तो इंद्र देव रुठे है। प्रकृति भी साथ नहीं दे रही है। बरसात नहीं होने से खेतों की नमी चली गई है। किसान धान लगा बैठे हैं। जिनके पास जितने नलकूप है।वह उन्हीं से धान को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।तो दुसरी तरफ बिजली विभाग कटौती पर उतारू है।पहले 10 घंटे फिर 8घटे और अब तो कोई समय निर्धारित नहीं है।कब आएगी कब जाएगी अब तक रहेगी। कोई समाधान नहीं हो रहा है। किसान बताते हैं। जहां सांसद विधायक सहित किसी वजनदार व्यक्ति की जमीन है। तो उस गांव में कटौती तो कभी नहीं होती है। अभी वर्तमान में बीज उत्पादक आस्था वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड के संचालक बहादुर सिंह किरार पटेल ने बताया कि खेती पर निर्भर किसानों के पसीने छूटे है। खेत फटने लगे हैं। दरार निकल गई है। किसान दोहरी मार झेल रहा है। उनके तो निजी ट्रांसफार्मर के बाद भी भुगतान के बाद भी लाइन नहीं मिल रही है।

विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजन

माखन नगर। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का जिला स्तरीय समापन समारोह का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह एवं विशेष अतिथियों के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह एवं सहायक संचालक राजेश गुप्ता ने अपना उद्बोधन दिया, सेवानिवृत शिक्षकों का शाल श्रीफल से सम्मान हुआ गत सत्र में उत्कृष्ट प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी जनपद अध्यक्ष सावित्री परिनामे जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव ,निखिलेश चतुर्वेदी, सत्यनारायण पाराशर ,आकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव संजय अग्रवाल, किसान मोर्चा मंत्री, अभिषेक मिश्रा, संतोष परसाई, अजीत सेठी, सुरेश अग्रवाल, दीपक वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा ,सहायक संचालक राजेश गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत ,जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी, संकुल प्राचार्य निधिस गुरु, सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्राचार्य के के दुबे ने अतिथियों का एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम को सचिव ने नकारा, आदेश अनुसार कार्य नही करते सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत बम्होरी कलां के सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में जिम्मेदारी पूर्वक कार्य नही किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में आयोजित जनसुनवाई के दिन सचिव रोजगार सहायक पंचायत में नहीं थे।

प्रति मंगलवार होना है जनसुनवाई

जनपद पंचायत से क्षेत्र कि ग्राम पंचायत बम्होरी कला में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला सरपंच गीता जावरिया कभी कभी आती है रोजगार सहायक भी लापता रहते हैं। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान पंचायत में ताला लगा हुआ था। सचिव को फोन किया गया मैं पति ने फ़ोन पर बात की और अतिरिक्त प्रभार दिया गया है तो वनवारी मे होना बताया गया। जबकि शासन द्वारा निर्धारित मुख्यालय पर निवास करना था। रोजगार सहायक रामसेवक रघुवंशी से फोन पर चर्चा हुई तो बताया कि वह पहचानते नहीं है। सरपंच छोटी बाई रघुवंशी ने बताया कि ऐसा ही करते हैं। रोजगार सहायक फोन नहीं उठाया करते हैं। शासन के आदेश का पालन नहीं किया गया है।

की जायेगी कार्रवाई एसडीएम

इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जावेगी।

लगातार 4 माह से बाघ के डर से आमजन भयभीत, एसडीएम से मिला सिर्फ आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत समनापुर सहित पनारी में लगातार 4माह से बाघ की आहट सुनाई दे रही है। अनेकानेक जगहों पर लगातार दिखाई भी दिया गया है। अभी रजनीश आश्रम के परिसर में पग भी दिखाई दे रहे हैं। लेकिन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व व फर सामान्य वन परिक्षेत्र अधिकारी कर्मचारी वर्ग के द्वारा अभी तक पकड़ने का या खदेड़ने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। 28 जुलाई को दोपहर सैंकड़ों महिलाओं के साथ पुरुष वर्ग एवं पनारी सरपंच प्रीतम सिंह ठाकुर सैंकड़ों लोगों के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान से मिलने पहुंचे थे।

उन्हें सुरक्षा के लिए अवगत कराया गया। तथा नया रानीखेड़ा की सड़क निर्माण कार्य करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि समनापुर सहित डोकरी खेड़ा डेम के आसपास झिरिया गांव वाली देवी गांव में लगभग 4माह से बाघ की डेरा है।किसी दिन बैल बकरी आदि के शिकार बनाया गया है। लेकिन अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है। लेकिन झिरिया के नाका स्थित है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।अभी तक समनापुर के सरपंच तो जनता कू साथ से। लेकिन सचिव रोजगार सहायक के द्वारा वन विभाग को सूचना नहीं दी गई है। इसी तरह से पनारी सरपंच प्रीतम सिंह ठाकुर ने बताया कि नया राईखेड़ा सहित आसपास के गांव में भी देखा गया है । लेकिन अभी तक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व वन विभाग के द्वारा संबंधित मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। महिलाओं सहित अन्य सभी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान की शरण ली तो आगे सुरक्षा बढ़ाई जावे तो ऐसा आश्वासन अनुविभागीय अधिकारी ने दिया है। तथा सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की हे ।

नर्मदापुरम में निर्यात कार्यशाला का आयोजन **नर्मदापुरम।** भारत सरकार की न्याय बंधु योजना के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के तहत मध्य प्रदेश के चयनित 5 जिलों में से एक नर्मदापुरम में सोमवार को निर्यात कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला डीजीएफटी भोपाल, एफआईईओ और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा एफपीओं को निर्यात की प्रक्रिया, दस्तावेजों और सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को निर्यात से जुड़े जरूरी दस्तावेज, लाइसेंस, पोर्टल और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने एमएसएमई उद्योगों और एफपीओ के प्रतिनिधियों को एक-एक कर सभी योजनाओं की जानकारी दी और सवालों के जवाब दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत की पहल

3 से 6 वर्ष के बच्चों को कराया एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखननगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संस्तुतियों तथा मुख्य सचिवों की 5वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की एक्शन टेकन रिपोर्ट के क्रियांवयन के अनुक्रम में, महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना माखननगर के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी तारतम्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय जैन, के निर्देशन में एकीकृत माध्यमिक शाला गोल में आंगनबाड़ी केंद्र गोल 01,क्रमांक 02 के 3 से 6 वर्ष के बच्चों का 'एक्सपोजर विजिट' सफलतापूर्व आयोजित किया गया।

इस विजिट का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विद्यालय पूर्व तैयारी एवं सहज अंतरण (Smooth Transition) सुनिश्चित करना, उन्हें प्राथमिक शाला के वातावरण से परिचित कराना तथा उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और बुनियादी साक्षरता के प्रति रुचि विकसित करना था। विजिट के पूर्व आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रीती वर्मा , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जया कुशवाहा, शांति मेहरा, तथा सहायिका प्रभा द्वारा बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उनकी सहमति प्राप्त की गई एवं बच्चों को विद्यालय के वातावरण की पूर्व जानकारी दी गई। शाला पहुँचने पर बच्चों का अभूतपूर्व और आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला शिक्षक राजेश मालवीय ,मनोज विश्वकर्मा,एवं मालकजी पटेल उपस्थित रहे स्टाफ द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विजिट के दौरान बच्चों को विद्यालय की कक्षाओं का भ्रमण कराया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की आनंददायक गतिविधियां जैसे योग, व्यायाम, खेलकूद, कहानी, चित्रकला और अध्ययन से जुड़ी गतिविधियां संपन्न कराई गई। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने इस एक्सपोजर विजिट का भरपूर आनंद लिया और शिक्षकों के साथ सहज नजर आए।

खबर संक्षेप

प्रभात ने मृत्यु के बाद लोगों की जिंदगी रोशन की

हरदा। शहर के स्वर्गीय प्रभात तिवारी ने मृत्यु उपरांत भी मानवता की अमिट मिसाल पेश की है। अपने नेत्र दान कर दो नेत्रहीनों के जीवन में रोशनी का संकल्प छोड़ गए। उनके इस प्रेरणादायी निर्णय से समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता का संदेश गया। उनके पुत्र श्रीकांत और शिवाकान्त के साथ परिजनों की सहमति के बाद नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। प्रेरक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से कम से कम 2 लोगों को रोशनी मिलती है। नेत्र दान करने की प्रक्रिया डॉ. बी.पी. दोगने के साथ विनीत दोगने और उनकी टीम ने की। इसके बाद इन नेत्र को सुरक्षित रूप से एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक, इंदौर भेजे गए, जहां से इन्हें जरूरतमंद नेत्रहीन व्यक्तियों के प्रत्यारोपण के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

24 घंटों में जिले में 2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 2.5 मि.मी., टिमरनी में 7.8 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 414.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 433.6 मि.मी., टिमरनी में 441.2 मि.मी., खिरकिया में 478.6 मि.मी., सिराली में 352.7 तथा रहटगांव में 364.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 28 जुलाई तक 562.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

पांच जेसीबी अवैध खनन करते हुए की गईं जब्त

भैरूंदा। सोमवार को खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत खदान से अवैध खनन करते हुए 5 जेसीबी मशीनें जब्त कर गोपालपुर थाना पुलिस की सुरक्षा में रखवा दीं। जानकारी के अनुसार एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में बड़ी संख्या में मशीनों से रेत घाटों से रेत का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। भैरूंदा तहसील क्षेत्र में नर्मदा नदी से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि खनिज विभाग की निगरानी के बावजूद रेत माफिया रात के अंधेरे में सक्रिय रहते हैं।

गुरु पूर्णिमा पर लिया संकल्प हर व्यक्ति लगाए अपने गुरु के नाम एक वृक्ष

हरदा में बनी प्रदेश की पहली नक्षत्र वाटिका, 'गुरु के नाम एक पेड़' अभियान से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

27 नक्षत्रों के अनुरूप लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दादाजी धाम में जिले की पहली नक्षत्र वाटिका एवं नगर गृह वाटिका का विधिवत शुभारंभ किया गया। गुरु के नाम एक पेड़ अभियान के तहत कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों और दादाजी परिवार के सदस्यों ने अपने-अपने जन्म नक्षत्र के अनुरूप पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दादाजी धाम के गुरु अंबिका प्रसाद शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को अपने गुरु के नाम एक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा का सबसे सुंदर स्वरूप प्रकृति की सेवा है और प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने गुरु के नाम एक पौधा लगाए तथा उसका संरक्षण करे, तो यह समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बनेगा। आचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि हरदा में स्थापित की गई यह पहली नक्षत्र वाटिका केवल वृक्षारोपण का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को जोड़ने वाला एक प्रेरणादायी प्रयास है।

डॉ. श्रीकांत अवस्थी ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु जीवन को दिशा देने वाला प्रकाश है। गुरु के नाम पर लगाया गया प्रत्येक वृक्ष श्रद्धा, संस्कार और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का जीवंत प्रतीक बनेगा। वहीं डॉ. अंकुर ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों को एक साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि हरदा में शुरू हुई यह पहल केवल जिले तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना समाज के लिए अत्यंत अनुकरणीय कदम है। उन्होंने सभी को एएक पेड़ गुरु के नामस लगाने का संकल्प भी दिलाया। नक्षत्र वाटिका में भारतीय ज्योतिष एवं सनातन परंपरा के अनुसार 27 नक्षत्रों से जुड़े वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर नितेश बादर, सुधीर शर्मा एवं जिला अध्यक्ष नितिन जोशी सहित राजीव गुलाटी, डॉ. अंकुर, डॉ. श्रीकांत अवस्थी, अतुल शर्मा, रमेश चौबे, ओम लिल्हारे, हिमांशु शर्मा, आशुतोष गोस्वामी, अभिषेक राजपूत, रिकी पटेल, अर्पण मिश्रा, मदन पटेल, पूनम पटेल, सौरभ तिवारी, बसंत सिंह राजपूत, अनिल गौर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रदोष व्रत व कारगिल विजय दिवस मनाया

अग्रवाल महिला महासभा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरदा। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा, हरदा इकाई द्वारा प्रदोष व्रत एवं कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को खाटू श्याम बाबा मंदिर, बाबा भोलेनाथ मंदिर परिसर तथा पंचमुखी हनुमान मंदिर, प्रताप सिटी कॉलोनी (खंडवा बाईपास) में पौघरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिला मीडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि संस्था की पदाधिकारियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि पर्यावरण संतुलित एवं हरित बना रहे। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहस, राष्ट्रभक्ति और त्याग को नमन किया। साथ ही देश की सुख-शांति, समृद्धि एवं अखंडता की कामना करते हुए पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान खाटू श्याम, भगवान भोलेनाथ एवं पंचमुखी हनुमानजी की पूजा-अर्चना की गई तथा संस्था की आगामी सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला महामंत्री राखी अग्रवाल, जिला उपमंत्री संगीता अग्रवाल, जिला सचिव सोनाली अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल, जिला सहमंत्री सीमा अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, नगर सचिव रीना अग्रवाल, नगर मीडिया प्रभारी श्वेता अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मनीषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, सपना अग्रवाल तथा सामाजिक न्याय विभाग की सुरेंद्र कौर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति न मिलने, सड़क निर्माण करने व वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन एवं श्वेता बम्होरे, एसडीएम हरदा अशोक कुमार डेहरिया, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में आवेदक आयुष शुक्ला ने ग्राम पचौला में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर वनमण्डलाधिकारी को मामले की जांच कर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। आवेदक शेख आसिफ ने जनसुनवाई में जिला पंचायत में किये गये वेल्डिंग कार्य हेतु बिल पास कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम गोंदागांव खुर्द निवासी नितेश सिंह राजपूत ने गांव में सड़क निर्माण हेतु आवेदन दिया, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पिपल्याकला निवासी सानिया कहार ने पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति न मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में हरदा निवासी कमल सिंह व ग्राम पिपल्या निवासी समोता बाई ने तीन माह से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम खिड़की वाला निवासी किसान दिनेश चन्द्र ने फसल बीमा की वर्ष 2024-25 की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक कृषि को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पाढरमाटी निवासी प्रमोद बड़ोदिया ने ठेकेदार द्वारा मजदूरी का भुगतान न करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर श्रम पदाधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनपद पंचायत सब इंजीनियर की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मिश्रा पैलेस होटल में मंगलवार सुबह एक सब इंजीनियर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। होटल के रूम नंबर 113 के बाथरूम में गौरव दुबे (54), निवासी इंद्रपुरी, भोपाल, का शव अर्धनग्न अवस्था में पाया गया। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत हार्ट फेल होने से हुई होगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि मृत गौरव दुबे हरदा जनपद में मनरेगा के तहत संविदा सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। वह पिछले लगभग 15 वर्षों से मिश्रा पैलेस होटल में रह रहे थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे भोपाल में रहते हैं। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और उनके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।टीआई भारती के अनुसार, गौरव के साथी कर्मचारी और परिजन सोमवार से ही उन्हें लगातार फोन कर रहे थे, लेकिन वह मोबाइल रिसीव नहीं कर रहे थे। मंगलवार सुबह जब ऑफिस के कर्मचारियों ने फिर फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने होटल के कमरे को देखा। कमरा अंदर से बंद था और फोन की घंटी बज रही थी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया, जहां गौरव दुबे बाथरूम के अंदर मृत अवस्था में मिले। बताया जा रहा है कि गौरव दुबे ने सोमवार सुबह सवा ग्यारह बजे तक व्हाट्सएप पर मैसेज देखे थे। आशंका है कि इसके बाद वह नहाने गए होंगे और उसी दौरान उनकी मौत हो गई। टीआई भारती ने स्पष्ट किया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं।

4 माह बाद मिली सेलरी

मनरेगा योजना में पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिला था। जनपद पंचायत सीईओ राजेश्वरी चौहान ने बताया कि करीब 4 माह बाद सभी को वेतन मिला है। उन्होंने बताया कि सभी 27 जुलाई को एक साथ प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि सोमवार से कॉल अटेंड नहीं कर रहे थे इसलिए मंगवार को कर्मचारियों को रूम पर देखने भेजा तो पाया कि बाथरूम में गिरे हुए मिले।

18 वर्षीय बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने आत्मदाह किया

हरदा। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कांकरिया में सोमवार को एक 18 वर्षीय बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने आत्मदाह कर लिया। युवती का शव घर के आंगन में मिला। इस घटना में छात्रा लक्ष्मी ठाकरे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय छात्रा घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता मजदूरी करने गए थे और पिता गैस सिलेंडर लेने हरदा गए हुए थे। छात्रा की आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर आए, लेकिन तब तक वह पूरी तरह झुलस चुकी थी। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। लक्ष्मी के भाई ने ग्राम गांगला निवासी एक युवक पर अपनी बहन को परेशान करने का आरोप लगाया है। भाई के अनुसार, सोमवार सुबह युवक ने उसे फोन किया था। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे युवक का फोन उसकी बहन के पास भी आया था। कुछ देर बाद ही उन्हें घर के आंगन में बहन का शव मिला। सूत्रों के अनुसार, जिस युवक पर प्रताड़ना का आरोप है, वह शादीशुदा है और एक महीने पहले ही उसके घर बेटे का जन्म हुआ है। मृतका और युवक के बीच पिछले एक साल से बातचीत और मुलाकात होने की बात भी सामने आई है। दोनों एक ही समाज के होने के कारण, मृतका के भाई ने लगभग एक महीने पहले युवक को समझाकर अपनी बहन से न मिलने को कहा था। सिविल लाइन थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि मृतका के भाई द्वारा लगाए गए आरोपों और युवक के मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

फोर लाइन हाईवे गाइडलाइन के अनुसार चार गुना मुआवजा देने भाजपा जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

किसान साथियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला कलेक्टर कार्यालय, खरगोन पहुंचकर खरगोन भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राम्हणे ने कलेक्टर के समक्ष खरगोन जिले में निर्माणाधीन फोरलेन हाईवे सड़क (देशगांव से जुलवानिया खंड) के अंतर्गत प्रभावित किसानों की जमीन का मुआवजा शासकीय गाइडलाइन के अनुसार चार गुना दिए जाने के संबंध में मांग की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राम्हणे ने कलेक्टर को अवगत कराया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान परिवारों को उचित एवं न्यायसंगत मुआवजा सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनकी आजीविका और भविष्य सुरक्षित रहे। प्रशासन से आशा है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्रावधानों के अनुसार चार गुना मुआवजे का प्रावधान शीघ्र किया जाएगा। किसान हित सर्वोपरि।

रक्तदान शिविर लगा समाजसेवी पुष्पेंद्र का जन्मदिन मनाया

खरगोन। युवा समाजसेवी पुष्पेन्द्र सागोरे का जन्मदिवस मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित कर सेवा भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय चंवर वंश महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रेवाराम तावड़े के नेतृत्व में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। श्री पुष्पेन्द्र सागोरे पिछले लगभग पाँच वर्षों से जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने, गरीब एवं असहाय परिवारों की सहायता, थाना एवं न्यायालय संबंधी कार्यों में सहयोग तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में निःस्वार्थ भाव से सक्रिय हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में संत रविदास समाज समिति खरगोन के अध्यक्ष रेवाराम तावड़े, उपाध्यक्ष अशोक बछाने, रविन्द्र वर्मा, पुष्पेन्द्र यादव, समाजसेवी राहुल वर्मा (रायबड़पुरा), अशोक सूरागे, माया खोड़े, मालती चन्देल सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रक्तदान

शिविर में स्वास्थ्य विभाग, सीएमएचओ कार्यालय, सिविल सर्जन, ब्लड बैंक तथा जिला अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में रक्तदान संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्री पुष्पेन्द्र सागोरे को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर समाज सेवा के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं तथा अधिक से अधिक लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रवेश का अंतिम अवसर

31 तक करें पंजीयन, री-चॉइस व प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण

खरगोन। शासकीय कन्या महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्राओं के लिए 31 जुलाई अंतिम अवसर है। मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार छात्राएं प्रतिदिन दोपहर 03 बजे तक ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन एवं री-चॉइस की प्रक्रिया पूर्ण कर सकती हैं। इसके पश्चात शाम 4 बजे तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि सत्यापित छात्राओं को शाम 05 बजे तक विभाग द्वारा सीट एवं महाविद्यालय का आवंटन जारी किया जाएगा, जिसकी सूचना छात्राओं को एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। आवंटन प्राप्त होने के बाद छात्राएं अगले दिन शाम 04 बजे तक निर्धारित प्रवेश शुल्क का भुगतान कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकती हैं। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कंप्यूटर एवं गृह विज्ञान (मानव विकास) तथा स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान (मानव विकास) जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। छात्राएं इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर अपने उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकती हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि अन्य संकायों में भी सीमित सीटें उपलब्ध हैं, जिन पर रपहले आओ, पहले पाओर के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। पात्र एवं इच्छुक छात्राओं से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित करें।

किसान कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

जुलवानिया देशगांव हाईवे में किसानों को चार गुना मुआवजा देने की मांग

ई टोकन व्यवस्था समाप्त कर किसानों को पर्याप्त खाद मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिला मुख्यालय खरगोन में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध दर्ज कराया तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष परसराम पाटीदार ने ई टोकन के माध्यम से किसानों को खाद में हो रही परेशानी, 100% मूंग खरीदी तथा देशगांव जुलवानिया नेशनल हाईवे में किसानों की जमीन अधिग्रहित होने के बदलेचार गुना मुआवजा देने की मांग की।

इस दौरान राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया है कि सरकार द्वारा ई टोकन के माध्यम से किसानों को खाद मिलने में भारी परेशानी हो रही है। किसानों को इस माध्यम से ना तो पर्याप्त खाद मिल रहा है ना खाद समय पर मिल रहा है। उन्हें बार-बार खाद लेने के लिए चक्कर लगाना पड़ते है। ई टोकन को समाप्त कर ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में समय पर खाद उपलब्ध हो सके। मूंग खरीदी को लेकर भी किसान परेशान हो रहे हैं जगह जगह किसान 100% मूंग खरीदी की मांग कर रहे है।

मूंग खरीदी में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है मगर शासन प्रशासन में सुनवाई नही हो रही है। जापान में ज्ञापन के माध्यम से मांग करी है कि 100% मूंग खरीदी के आदेश तुरंत दिए जाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि देशगांव से जुलवानिया तक बनने वाले फोरलेन रोड में दर्जनों गांव के सैकड़ो किसानों की कीमती जमीने सरकार द्वारा अधिग्रहित की जा रही है। इसके बदले किसानों को बाजार भाव से मात्र दो गुना मुआवजा सरकार द्वारा देने की पेशकश की गई है। जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी ने विधानसभा में किसानों की जमीन अधिग्रहीत करने पर चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान किया है। ऐसी स्थिति में देशगांव जुलवानिया रोड में अधिग्रहित हो रही किसानों की जमीन के बदले उन्हें दो गुना मुआवजा देने पर बहुत भारी नुकसान हो रहा है। मप्र सरकार अपनी तय नीति अनुसार चार गुना मुआवजा दे। चूंकि वर्तमान में किसानों के खातों मे मुआवजा राशि डाली नही गई है इसलिए देशगांव जुलवानिया रोड में अधिग्रहित हो रही जमीनों का चार गुना मुआवजा दिया जाना न्याय संगत है। यदि सरकार भी उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं देगी तो किसान बर्बाद होने की स्थिति में आ जाएंगे क्योंकि उनकी कीमती जमीन जिससे उनका जीवन यापन चलता था वही सरकार द्वारा अधिग्रहित की जा रही है। कई किसानों की खेतों में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्थाएं, पाइपलाइन, फलदार पेड़ लगे हुए हैं । शासन द्वारा इनका भी कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसान बेहद परेशान है लेकिन सरकार और प्रशासन में उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जमकर नारेबाजी लगाते हुए सरकार को चेतावनी दी है कि यदि देशगांव जुलवानिया मार्ग में किसानों की जमीन के बदले उन्हें चार गुना मुआवजा नही दिया। किसानों का 100% मूंग खरीदी नही की गई तथा ई टोकन व्यवस्था को बंद कर साधारण तरीके से किसानों को पर्याप्त खाद समय पर उपलब्ध नहीं कराया तो किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता आगामी दिनों में धरना प्रदर्शन, चक्काजाम जैसे आंदोलन करेगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, खेलकूद पर को खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पाटीदार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष निर्वाचन प्रभारी कदर बैग, जिला किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपक सोलंकी राजू दरबार, किसान दीपक सोलंकी, गोपाल चौहान, दिलीप चौहान, जितेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर ब्रम्हलीन संत लक्ष्मण चैतन्य बापू की स्मृति में जुटेंगे हजारों साधकगण

श्री वृंदावन धाम आश्रम पाल में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

सीमावर्ती महाराष्ट्र के श्री वृन्दावन धाम आश्रम में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मध्यप्रदेश सहित विभिन्न प्रान्तों के श्रद्धालु एवं साधकगण भारी संख्या में जुटेंगे। वहां अभा चैतन्य साधक परिवार द्वारा ब्रम्हलीन संत लक्ष्मण चैतन्य बापू की स्मृति में वृहद स्वरुप में हरी मंदिर की भी आकर्षक साज-सज्जा की गई है। यह आश्रम ब्रह्मलीन संत लक्ष्मण चैतन्य बापू की जन्मस्थली और कर्मस्थली है। उन्होंने वहां एक गुफा में 12 वर्षों तक ध्यान एवं तपस्या के माध्यम से सिद्धि प्राप्त की थी। इस पावन आश्रम में भक्तगण समाधि-दर्शन एवं पादुका पूजन कर,संतों की अमृत वाणी का लाभ लेंगे। गुरु-शिष्य के अटूट-रिश्ते एवं प्रेम का यह पावन-पर्व है,जिससे दो तीन दिन पूर्व ही साधकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। उल्लेखनीय है कि श्री चारुकेश्वर आश्रम (बड़वाह) से 24 जुलाई को गुरुदर्शन पद यात्रा शुरू हुई,जो मंगलवार 28 जुलाई देर शाम पहुंची। जिसका संतों, श्रद्धालुओं एवं कस्बा पाल के ग्रामीणों ने भावभीना स्वागत किया। इस पदयात्रा में भारी संख्या में साधकगण शामिल होते हैं, इनमें महिलायें अधिक होती हैं। वहां गादीपति संत गोपाल चैतन्य महाराज के सानिध्य में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य आयोजन हो रहा है। जिसकी व्यापक रूप से तैयारियां की गई है और रविवार को मध्यदेश एवं महाराष्ट्र के पत्रकारों की प्रेस-वार्ता में उन्होंने इसकी जानकारी दी है।